तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 24 मार्च 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4 जिंदल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय टेक्नो मैनेजमेंट महोत्सव की शुरूआत



## खबर संक्षेप



### शांति समिति की बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**कांसाबेल।** कांसाबेल तहसील सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर अचार सहिंता को देखते हुए आज शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया और आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में श्रीमान अण्विण्अण्बनीचा एवं टीआई सदनए तहसीलदार की उपस्थिति एवं शहर के सभी समुदाय के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। डीजे बजाने एवं त्यौहार में सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा। होली त्योहार रमजान 2024 के आचार संहिता के संबंध में। जनप्रतिनिधि द्वारा मोटर सायकल चालको निश्चित गति में चलाने माध्यपान कर मोटर सायकल चलाने वाले के ऊपर तीन सवारी चलोकों पर कार्यवाही करने हेतु चर्चा। बैठक में सभी नागरिकों से कानून.व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की गई। शहरवासियों से कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दें। प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिले में भाईचारे और शांति का नया कीर्तिमान स्थापित करें। बैठक दौरान शहर की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

### जिला चिकित्सालय का वार्ड बॉय निलंबित

**जशपुरनगर।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के द्वारा जिला चिकित्सालय जशपुर में कार्यरत वार्ड ब्वॉय से स्पष्टीकरण मांगा गया था। संबंधित के द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर संदीप सिंह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9.1. (क) के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जशपुर (छग) रहेगा तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### रेत के अवैध उत्खनन पर उड़नदस्ता टीम ने की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा ।** रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने वाहनों की जब्ती बनाई है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। विदित हो कि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी पी डी जाडे एवं टीम द्वारा पीथमपुर एवं केवा क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन, भण्डारण , उत्खनन करने वाले वाहन एवं स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया। इधर खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जाँच के दौरान जिले में पीथमपुर क्षेत्र खनिज रेत के 2 वाहनो एवं केवा क्षेत्र से 1 वाहन अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में गौण खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 3 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

### कंटेनर चालक से दो सौ लीटर डीजल और 22 सौ की लूट

**जांजगीर-चांपा ।** कंटेनर चीलक से 200 लीटर डीजल व 22 सौ रुपए नगदी लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपियों द्वारा रुपए नहीं दिए जाने पर ड्राइवर पर प्राणघातक हमला भी कर दिया था। घटना बलौदा थाना क्षेत्र का है।
इस संबंध में पुलिस से मिली जनकारी के अनुसार घटना अकलतरा रोड एसएस व्ही हॉस्पिटल के पास की है।

## पुलिस अधीक्षक ने दिए सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश

# पुलिस ने नशे के विरूद्ध छेड़ा अभियान



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है, इनके पदस्थापना अवधि लगभग डेढ़ माह (दिनांक 08.02.2024 से 22.03.2024) में ही नशे का कारोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभारी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश देकर लगातार जिले के थाना/चौकी में कार्यवाही कराई जा रही है। जिले के विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्रों में कुल 80 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से नशीले पदार्थ जैसे गांजा, नशीली दवा, अवैध शराब इत्यादि पदार्थ कीमती रू. 5,06,210 (पांच लाख छः हजार दो सौ दस) जप्त किया गया है।जिला पुलिस जशपुर द्वारा तस्कारों से मादक पदार्थ गांजा कुल 43 किलो 600 किलोग्राम कीमती 4,40,000 रूपए (चार लाख चालीस हजार रूपए), नशीली कफ सिरप 201 नग 100 एमएल सीसी कीमती 34,170 रूपए (चौतीस हजार एक सौ सत्तर) नशीली टेबलेट 672 नग कीमती 13500 रूपए (तेरह हजार पांच सौ रूपए) कुल 4,87,670 रूपए (चार लाख सत्तासी हजार छः सौ सत्तर) का जप्त कर कुल 05 प्रकरण में कार्यवाही करते हुए कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह अवैध शराब के कुल 70 प्रकरण में कुल 70 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उसे 152.985 लीटर शराब कुल कीमती 18,540 /-(अट्ठारह हजार पांच सौ चालीस) एवं बिक्री रकम 1710 रूपए नगद जप्त किया गया है। जिले के थाना व चौकी द्वारा नशे के विरूद्ध सक्रिय होकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है किः-विगत डेढ़ माह में जिला जशपुर के थाना व चौकी क्षेत्रातंर्गत नशे के कारण वाहन एक्सीडेंट से 31 प्रकरण में 25 व्यक्ति की मृत्यू हो गई है, एवं 09 व्यक्ति घायल हुये हैं। इसी प्रकार नशे के कारण हत्या के 06 प्रकरण में 06 व्यक्ति की मृत्यू एवं 06 आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आगामी समय में नशे के विरूद्ध जशपुर पुलिस द्वारा यह अभियान और तेजी से चलाया जायेगा। क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देवें।

### होली, रमजान व गुड फ्राइ-डे के पूर्व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च करते पुलिस जवान।

**जशपुरनगर।** 22 मार्च को जशपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहार होली, रमजान व गुड फ्राइडे , ईस्टर के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जशपुर से लोदाम, साई टांगर टोली जशपुर तक फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही मुख्य जशपुर शहर में पैदल मार्च भी जशपुर पुलिस द्वारा निकाला गया। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जिले के समस्त थाना व चौकी में शांति समिति की बैठक ली गई। जिससे की आगामी त्यौहार शांति पूर्वक सम्पन्न हो सके। उक्त फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता से अपील किया गया कि आगामी त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें, पुलिस विभाग का साथ दें, किसी प्रकार की अवैध गतिविधि आसपास होती है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना व चौकी को देवें। उक्त फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी, रक्षित निरीक्षक जशपुर अमरजीत खुटे, जशपुर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी सहित सशस्त्र बल के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करती विधायक रायमुनी भगत।

# सरना निवास में मुख्यमंत्री मनाएंगे होली, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

टिकैतगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में होली मिलन समारोह कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है, यहां कार्यक्रम के लिए जोर शोर से तैयारी की गई है। कार्यक्रम को लेकर जशपुर विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी टिकैतगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व में किया जा रहा है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर होली पर्व की बधाई देंगे। विदित हो कि गत 3 वर्ष जशपुर विकासखंड अंतर्गत टिकैतगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित होता आ रहा है, इस वर्ष भी यहां भाजपा का होली मिलन समारोह रविवार को आयोजित होना है उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी व्यापक तैयारी पूर्ण हो चुकी है वहीं कार्यक्रम में शामिल रहने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति, मंडल कार्यसमिति, शक्ति केंद्र और बूथ के समस्त कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जशपुर विधायक सहित भाजपा पदाधिकारियों ने स्थल निरीक्षण ⏭ शेष पेज 4 पर

# छात्र-छात्राओं ने की ग्रामीणों से भेंट

- वनस्पति शास्त्र के विद्यार्थियों ने अपने परियोजना कार्य के लिए ली जानकारी



शैक्षणिक भ्रमण करते कॉलेज की छात्र-छात्राएं।

**जशपुरनगर।** शासकीय राभरा एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर के एमएससी वनस्पति शास्त्र के छात्र छात्राओं ने डा,विजय रक्षित प्राचार्य की प्रेरणा व प्रो,डीआर राठिया विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में अपना प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जानकारी संकलन करने के लिए दुलदुला विकास खंड अंतर्गत वनांचल ग्राम केंदपानी, जाम पानी, टेढ़ा पहाड़, साली पानी व कस्तुरा , शारदा धाम का शैक्षणिक भ्रमण किए। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय वैद्यों से औषधि पादपों के बारे में एवम क्षेत्रीय परंपरागत जंगली साग- भाजी सहित जंगली खाद्य मशरूम के बारे में जानकारियां संकलन किए। भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को महुवा वृक्ष के नीचे को साफ करने के लिए आग लगाने से क्या नुकसान होता है के संबंध में विस्तार से जानकारी भी दिए। भ्रमण के दौरान केंद पानी ग्राम के निकट जंगल में लगे आग को भी छात्रों के द्वारा बुझाया गया। वस्तुत महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं ग्रामीण परिवेश के है, परन्तु स्नातकोतर अध्यापन से बहुत सारी जानकारी प्राप्त होने पर गांव के लोग के साथ साझा किया। छात्र छात्राओं के बातों को ग्रामीण जनों ने गम्भीरता से सुना और भविष्य में बताएं गए अनुसार कार्य करने का वचन भी दिया। शैक्षणिक भ्रमण में अतिथि विद्वान कु प्रतिमा चांद, कु जयंती, कु रजनी का विशेष सहयोग रहा।

### 166 चालकों पर 65 हजार का जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों की विरुद्ध लगातार करवाई की जा रही है। इसी के तहत 166 चालकों से 64 हजार 8 सौ रुपए संमन शुल्क वसूला गया है। एसपी विवेक शुक्ला व एएसपी राजेन्द्र कुमार जायवाल के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 21 मार्च को यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर वाहन चेकिंग की गई। जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में बाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना सहित कुल 166 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए कुल 64 हजार 800/ रुपए का समन शुल्क लिया गया।

# आज लगेगा साप्ताहिक बाजार



- होली की वृजह से एक दिन पहले बैठेगी बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

होली त्योहार के मद्देनजर इस हफ्ते सोमवार की जगह रविवार को बैठेगा बाजार सोमवार को होली का त्योहार है और साप्ताहिक बाजार भी सोमवार को ही रहता है। इसलिए होली त्योहार को देखते हुए पत्थलगांव के एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि होली सोमवार को है इसलिए पत्थलगांव का साप्ताहिक बाजार कल रविवार दिनांक 24 मार्च को ही बैठेगा मैंने पत्थलगांव के सीएमओ को निर्देशित किया गया है। कि रविवार को साप्ताहिक बाजार बैठने की मुनादी करवा दे। सीएमओ मोहम्मद जावेद ने बताया कि होली त्योहार के कारण पत्थलगांव की साप्ताहिक बाजार कल रविवार को 24 मार्च को बैठने की मुनादी करवा दिया गया है। .

# कहीं मधुमक्खियां न बन जाए खतरे का सबब

**जशपुरनगर।** जिला अस्पताल के बगल से जाने वाली सड़क जो की कल्याण आश्रम जाती है। अस्पताल के बगल के पीपल के पेड़ पर मधुमक्खियों के अनगिनत छत्ते लटक रहे है। बसंत का मौसम होने के कारण पेड़ से अधिकतम पत्ते झड़ गए है। पेड़ में पत्ते न होने के कारण शिकारी पक्छियो को दूर से ही छत्ते नजर आ जाते है। शिकारी पक्षी मधुरस पीने के लिए मधुमक्खी के छत्ते को छेड़ देते है। मधुमक्खी नाराज होकर उड़ने लगती है और आने जानेवाले राहगीरों को डसना शुरू करती हैं। खतरा तब और बाद जाता है जब दोपहिया वाहन चालक पर मधुमक्खियां हमला करती है। वाहन चालक घबराकर दुर्घटना कर सकते है। अस्पताल होने के कारण मरीज व उनके साथ आए परिजन मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो सकते है। यही से पोस्ट ऑफिस, बसंत विहार, तपकरा बाधरकोना और भागलपुर जाने कर्म है।प्रशासन जल्द से जल्द इन मधुमक्खियों का छत्ता नही हटाया है तो कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बन सकती है।



पेड़ पर मधुमक्खी के अनेक छत्ते।

# पशुधन की तस्करी हो रही बेलगाम

**जशपुरनगर।** बूचड़खाने ले जा रहे छह मवेशियों को बजरंग दल के सदस्यों ने पकड़ कर थाना पहुंचाया । नारायणपुर थाने में मामले की लिखित शिकायत की गई है। जानकारी के मुताबिक नारायणपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम दारा खरिका के टिकेश्वर यादव के मोबाइल पर सुबह 10 बजे खबर मिली कि दो तीन लोग हस्तिनापुर से बिलासपुर की ओर मुख्य मार्ग से 6 रास मवेशी को हांकते व पीटते चितकवाईंन के रास्ते झारखंड की ओर बूचड़खाने ले जाया जाया जा रहा है। टिकेश्वर यादव ने अपने बजरंग दल के साथियों अध्यक्ष अशोक कुमार, संजय रौतिया, गणेश चौहान हस्तिनापुर रोड पर जाकर पता लगाने की कोशिश की। इस बीच एक दोपहिया वाहन चालक जो की पल्सर जेएच 07 एल 5361 पर सवार था पूछताछ करने पर अपना नाम आसफक खान बताया ओर मौके से फरार हो गया। मवेशियों को हांकते हुए आ रहे लोधमा निवासी गोकुल चौहान और संदीप चौहान ने बताया कि वो मजदूरी में केवल जानवरो को हांकने का काम करने आए थे। इससे ज्यादा उन्हे कुछ भी पता नही है। टिकेशेवर यादव ने थाना नारायण पर में लिखित रूप में इसकी शिकायत की है।



बजरंगदल के सदस्यों ने मवेशियों को थाना पहुंचाए।

## उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुनकुरी के विद्यार्थी

# छात्र-छात्राओं ने रसायन मुक्त हर्बल गुलाल बनाना सीखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



हर्बल गुलाल बनाना सीखने वाले विद्यार्थी।

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा पाटन, दुर्ग के अधीन संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुनकुरी के अधिष्ठाता डॉ रविन्द्र तिग्गा के सफल मार्गदर्शन में बीएससी उद्यानिकी (ऑनर्स) के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव कार्यक्रम के अन्तर्गत रसायन मुक्त हर्बल गुलाल बनाना सीखा। डॉ.पूर्णेन्द्र कुमार साहू सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक ने छात्र-छात्राओं को हर्बल गुलाल बनाने की विधि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हर्बल गुलाल पूर्णतः रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक स्त्रातों से निर्मित होने के कारण हमारे त्वचा एवं पर्यावरण पर किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। सर्वप्रथम हर्बल गुलाल बनाने के लिए अरोरूट पाउडर के साथ प्राकृतिक उत्पाद जैसे अर्क, कंद, पलास के फूल एवं विभिन्न प्रकार के सब्जियों को प्रसंस्कृत कर के सुखा कर बनाया जाता है। इस हर्बल गुलाल को बनाने हेतु पलास के फूल से संतरा रंग, पालक भाजी से हरा रंग, गुलाब की पंखुड़ी एवं चुकंदर से गुलाबी रंग को प्रायोगिक तौर से बनाना सीखा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार, परमेश्वर गोरे, अरबिन्द कुमार साय, डॉ युगलकिशोर लोधी, डॉ.राहुल कुमार गुप्ता, डॉ.दीपक जायसवाल, डॉ.लक्ष्मी सिंह, कु.प्रतिक्षा भगत, डॉ.रैना बाजपयी, डॉ.अंकिता सिंह, राजीव कुर्रे, मुकेश अनंत, अभिमन्यु पटेल, मुकेश खरसन, डॉ राजकुमारी, डॉ.सुभी सिंह एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीपीएम ने सीएचओ व आरएचओ की ली बैठक



**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार के मीटिंग हाल में बीपीएम सीएचओ, आरएचओ की बैठक लिया। बैठक में विशेष टीकाकरण सप्ताह की समीक्षा की गई एवं शत प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करने निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर रेग्युलर फॉलोअप करने हेतु निर्देशित किया। जिससे मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। बीपीएम ने सिकल सेल जांच एवं एनीमिया के रोकथाम हेतु विशेष कार्ययोजना बना कर लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही टीबी एवं कुष्ठ के संदेहास्पद मरीजो का चिन्हांकन कर उचित जांच एवं इलाज कराने के लिए कहा। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

